उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, शनिवार, 26 सितंबर 2026 ई-पेपर पेज 1 / 1

मनोरंजन

अलीगढ़ :हरदुआगंज परियोजना चिकित्सालय में मनाया गया 17वां वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे।



सह संपादक अशोक नेताजी दिनांक 25/ 9/ 26 को परियोजना चिकित्सालय हरदुआगंज विद्युत परियोजना कासिमपुर अलीगढ़ में वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संदीप कुमार यादव तथा चीफ फार्मासिस्ट श्री लाल हेवेंद्र कुमार द्वारा केक काटकर की गई मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संदीप कुमार यादव ने फार्मासिस्ट की चिकित्सा क्षेत्र में भूमिका पर विस्तृत चर्चा की तथा अस्पताल में कार्यरत सभी फार्मासिस्टों की प्रशंसा कर बधाइयां दी । इस मौके पर चीफ फार्मासिस्ट श्रीलाल हेवेंद कुमार ने बताया कि फार्मासिस्टों को चिकित्सा क्षेत्र में रीढ की हड्डी बोला जाता है । फार्मासिस्ट श्री मनीष कुमार ने बताया कि आज हम 17 वां वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे मना रहे हैं तथा इंटरनेशनल फार्मास्यूटिकल फेडरेशन के बारे में भी चर्चा की। इस मौके पर परियोजना अस्पताल में कार्यरत फार्मासिस्ट श्री नीरज कुमार चक्रवर्ती श्री प्रदीप कुमार श्री अरुण कुमार डॉक्टर वसुधा तथा अन्य सभी अस्पताल कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक नज़र में

अलीगढ़: हरदुआगंज परियोजना में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, 50 लोगों ने किया रक्तदान।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

अलीगढ़: हरदुआगंज परियोजना में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, 50 लोगों ने किया रक्तदान।



सह संपादक अशोक कुमार अलीगढ़। 24 सितंबर 2026, गुरुवार को हरदुआगंज तापीय परियोजना, कासिमपुर, अलीगढ़ के परियोजना चिकित्सालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, एएमयू, अलीगढ़ के कुशल चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया।शिविर का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक इंजीनियर अमिताभ आनंद एवं महिला मैत्री मंडल की अध्यक्षा श्रीमती बनमाला ने फीता काटकर किया। शिविर का आयोजन परियोजना चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संदीप कुमार यादव की देखरेख में हुआ।रक्तदान की शुरुआत श्रीमती बनमाला एवं श्रीमती अर्चना यादव ने रक्तदान कर की। शिविर में परियोजना के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।